खाकी पर दाग, टीआई पर मारपीट-वसूली का आरोप, युवक 48 घंटे से लापता

सीसीटीवी से दूर कोठरी में पिटाई, 4 लाख की डिमांड, कलेक्टर से हुई शिकायत

नवभारत,नरसिंहपुर। गोटेगांव थाना प्रभारी पर वर्दी की मर्यादा तार-तार करने का आरोप लगा है। चाय की दुकान से उठाकर लाए गए एक युवक को थाने की कोठरी में बंद कर बेरहमी से पीटा गया। 17 हजार रुपये और मोबाइल छीनने के बाद 4 लाख की मांग की गई। इसके बाद से युवक 48 घंटे से गायब है। मामला सामने आने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। आज़ाद वार्ड निवासी चन्द्रिका राय ने सोमवार को कलेक्टर जनसुनवाई में सनसनीखेज शिकायत सौंपी। उन्होंने बताया कि 17 जुलाई को बेटा दीपक राय

अनुपम मॉल के सामने चाय पी रहा था। तभी गोटेगांव थाना टीआई अपने 4 साथियों के साथ पहुंचे और दीपक को धक्के मारकर पुलिस वाहन में ठूंसकर थाने ले गए। शिकायत के मुताबिक थाने के पीछे बनी पुरानी कोठरी, जो सीसीटीवी की जद से बाहर है, वहां ले जाकर दीपक के साथ बेरहमी से मारपीट की गई। जेब में रखे 17,000 रुपये और मोबाइल भी पुलिसकर्मियों ने रख लिए। पिता का आरोप है कि जब वे बेटे को छुड़ाने पहुंचे तो पुलिस ने साफ मुकर दिया। रात 1 बजे कोरे स्टांप पर दस्तखत कराकर 4 लाख रुपये मांगे गए। दूसरे दिन फिर बुलाकर रकम न देने पर झूठे केस में फंसा देंग की धमकी दी गई। 18 जुलाई से दीपक घर नहीं लौटा। परिजन दर-दर भटक रहे हैं। इसके पहले भी पूर्व में थाना प्रभारी गोटेगांव प्रदीप सराफ की कारगुजारियों पर सवाल उठने के साथ-साथ यह पैसे लेनदेन वसूली के आरोप पहले भी लग चुके हैं जिसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक नरसिंहपुर को की थी लेकिन आज दिनांक तक थाना प्रभारी पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है सवाल यहां खड़ा होता है कि जब लगातार सुर्खियों में थाना गोटेगांव प्रभारी पर लगातार आरोप लग रहे हैं तो फिर कार्यवाही ना होना कहीं ना कहीं पुलिस प्रशासन के खिलाफ बड़े सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं आखिर इन थाना प्रभारी के ऊपर किन की मेहरबानी है जो इतनी शिकायत होने के बाद और सीधे आरोप लगे के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं होती है अब सवाल उठ रहा है कि लगातार आरोपों के बाद भी गोटेगांव टीआई पर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही? किसका संरक्षण मिला हुआ है? चन्द्रिका राय ने कलेक्टर से निष्पक्ष जांच, दोषियों पर कार्रवाई और बेटे को सुरक्षित बरामद करने की मांग की है।

इनका कहना है

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया, शिकायत मिली है। मामले की जांच कराई जा रही है। दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई होगी।

-एडिशनल एसपी

श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का हुआ शुभारंभ

नवभारत/ तेंदूखेड़ा। विगत दिवस संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महा मुनिराज की शिष्या एवं आचार्य श्री समय सागर महाराज की आज्ञावर्तनी 105 आर्यिका प्रशांतमति माताजी एवं 105 आर्यिका विशुद्धमती माताजी का तेंदूखेड़ा की पावन धरा पर मंगल वर्षा योग जैन मंदिर प्रांगण तेंदूखेड़ा में संपन्न हो रहा है। प्रारंभिक बेला में अष्टान्हिका महापर्व के अवसर पर माता जी के मंगल सानिध्य में एवं स्थानीय विद्वान प्रतिष्ठाचार्य पंडित कमल कुमार शास्त्री के निर्देशन में श्री नवीन दिगंबर जैन मंदिर प्रांगण में श्री 18 सिद्ध चक्र महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। जो 21 जुलाई से प्रारंभ होकर 29 जुलाई तक आयोजित होगा।

ध्वजारोहण हुआ

विधान में प्रमुख पात्रों का चयन किया गया तथा ध्वजारोहण संपन्न हुआ। सौधर्म इंद्र आशीष अंजू मोदी कुबेर इंद्र रंजीत अनीता जैन महायज्ञ नायक अजय राज जैन श्रीपाल मैना सुंदरी दीपक प्रतिभा सिंघई ईशान इंद्र प्रदीप सुषमा चौधरी सानतकुमार कुमार इंद्र आशीष आकांक्षा चौधरी माहेंद्र इंद्र सुनील शशि मोदी यज्ञ नायक अर्पित हिमानी सेठ को प्राप्त हुआ। मंगल कलश स्थापना दयाचंद श्रीमती सुधा चौधरी प्रतीक स्वदेशी नवीन मोदी हीरा कोठारी विनीता पाटन प्रतिभा सिंघई ने किया एवं दीप प्रज्वलन पयोज मोदी ने किया।

एक नजर में

बारिश में सुरक्षा सर्वोपरि शिक्षा विभाग अलर्ट

नवभारत,नरसिंहपुर। वर्षा ऋतु के दौरान नदियों, तालाबों, बांधों एवं अन्य जल स्रोतों के पास होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम और विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में जिला प्रशासन ने व्यापक पहल की है। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल कुशवाहा ने जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों के प्राचार्यों को सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जारी निर्देशों के तहत विद्यालयों में विशेष जागरूकता अभियान चलाकर विद्यार्थियों को वर्षाकाल में जल स्रोतों के समीप न जाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। नदियों, तालाबों, घाटों एवं बांधों जैसे जोखिमपूर्ण स्थानों से दूरी बनाए।

गुरु पूर्णिमा पखवाड़े में गुरु सम्मान का दिया संदेश

नवभारत,नरसिंहपुर। गुरु पूर्णिमा पखवाड़े के अंतर्गत सांदीपनि विद्यालय, नरसिंहपुर में जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति नीलेश काकोडिया ने भ्रमण कर विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों एवं व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद करते हुए गुरु के महत्व पर अपने विचार साझा किए। जिला पंचायत अध्यक्ष काकोडिया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में गुरु का स्थान सर्वोच्च होता है। गुरुजनों का मार्गदर्शन और आशीर्वाद ही व्यक्ति को सही दिशा प्रदान करता है तथा उसके उज्ज्वल भविष्य की नींव रखता है। उन्होंने विद्यार्थियों को गुरु-शिष्य परंपरा के मूल्यों को अपनाने और अपने गुरुजनों के प्रति सदैव सम्मान व श्रद्धा बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

जनसुनवाई में आये 84 आवेदन पत्रों की सुनवाई हुई

नवभारत,नरसिंहपुर। कलेक्टर रजनी सिंह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में आवेदकों ने विभिन्न विषयों से संबंधित आवेदन पत्र प्रस्तुत किए। जनसुनवाई में विभिन्न समस्याओं से संबंधित कुल 84 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। कलेक्टर सिंह ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का तत्काल निराकरण किया। जिन आवेदन पत्रों का तत्काल निराकरण नहीं हो सका, उन आवेदन पत्रों को निर्धारित समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

जिले में अब तक 257.8 मिमी अर्थात 10.15 इंच वर्षा दर्ज

नवभारत,नरसिंहपुर। नरसिंहपुर जिले में एक जून से 21 जुलाई तक की अवधि में औसत रूप से कुल 257.8 मिमी अर्थात 10.15 इंच वर्षा दर्ज की गयी है। 21 जुलाई की सुबह तक बीते 24 घंटे में जिले में औसतन 38 मिमी अर्थात 1.50 इंच वर्षा दर्ज की गई है। इस दिन तहसील नरसिंहपुर में 36 मिमी, गाडरवारा में 80 मिमी, गोटेगांव में 10 मिमी, करेली में 25 मिमी और तेंदूखेड़ा में 39 मिमी वर्षा आंकी गई है। तहसीलदार भू- संसाधन एवं प्रबंधन से प्राप्त जानकारी के अनुसार 21 जुलाई तक तहसील नरसिंहपुर में 262 मिमी, गाडरवारा में 306, गोटेगांव में 160 मिमी, करेली में 212 मिमी और तेंदूखेड़ा में 345 मिमी वर्षा आंकी गई है। इसी अवधि में पिछले वर्ष जिले में औसतन 627 मिमी अर्थात 24.68 इंच वर्षा हुई थी।

कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

नवभारत/ तेंदूखेड़ा। विद्युत संबंधी समस्याओं के निराकरण की दिशा में वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा हाल ही में स्पष्ट दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। फिर भी समस्याएं यत्र तत्र जन्म ले रही है। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार समीपी ग्राम खमरिया बरांझ में बस स्टाफ के समीप एन एच 45 पर बड़ी लाइन का खंबा झुक गया है।कभी भी गिर सकता है।जिसे तत्काल प्रभाव से सुधार हेतु ग्राम के लोगों ने विद्युत अधिकारियों से मांग की है।

प्रतिबंध के बावजूद सुबह 9 बजे के बाद भी दौड़ रहे NTPC के राख से भरे ओवरलोड डंपर, खेत में घुसा वाहन, बड़ा हादसा टला

नवभारत/ गाडरवारा। NTPC गाडरवारा से फ्लाई ऐश (राख) लेकर जा रहा एक ओवरलोड डंपर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में जा घुसा। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई और एक बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद डंपर को बाहर निकालने के लिए कई जेसीबी एवं अन्य भारी मशीनों की मदद ली गई। इस दौरान लगभग दो घंटे तक मार्ग पर लंबा जाम लगा रहा, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि सुबह 9 बजे के बाद भारी डंपरों के संचालन पर प्रतिबंध होने के बावजूद NTPC

से राख से भरे ओवरलोड डंपर लगातार निकल रहे हैं। लोगों का आरोप है कि नियमों की अनदेखी के कारण दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार डंपर ओवरलोड था, जिसके कारण चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और वाहन खेत में जा घुसा। घटना के बाद क्षेत्र में लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि प्रतिबंधित समय में भारी वाहनों के संचालन पर सख्ती से रोक लगाई जाए तथा ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाए। साथ ही, यदि प्रतिबंधित समय में NTPC परिसर से ऐसे वाहनों को निकलने की अनुमति दी जा रही है, तो इसकी जिम्मेदारी तय करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं संस्था के विरुद्ध भी नियमानुसार कार्यवाही की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

सांड का आतंक, महिला को किया चोटिल, बच्चे को आये 12 टांके

नवभारत/ तेंदूखेड़ा। इन दिनों नगरीय क्षेत्रों के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी निराश्रित मवेशियों और सांडों से लगभग हर वर्ग परेशान बना हुआ है।पशु पालकों ने इन्हें खुला छोड़ दिया है।जो मुख्य सड़क मार्गों पर आवागमन और सार्वजनिक स्थलों पर बाधक बनें हुए हैं। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार समीपी ग्राम सुन्हेटी में एक सांड के आतंक से ग्रामीण परेशान बनें हुए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह गली मुहल्लों में विचरण करता हुआ लोगों के घरों में भी घुस जाता है। और नुकसान पहुंचा देता है। ग्राम की ही सुमंत्रा बाई नामक महिला खेत से लौट रही थी जिसे मार दिया किसी भी तरह जान बचाकर भागी। इसी तरह

ग्राम के यशवंत मेहरा नामक युवा को बुरी तरह से चोटिल कर दिया जिसके सिर में 12 टांके आये हैं। ग्रामीणों में भय और असुरक्षा की भावना उपज रही है।इस विषय को ग्राम के सरपंच ओमप्रकाश पटेल ने तहसीलदार तेंदूखेड़ा को भी लिखित में जानकारी दी है। तथा सुरक्षा की दृष्टि से उक्त सांड को अन्यत्र छुड़वाने की मांग की गई है।

आधी रात दंपत्ती पर जानलेवा हमला, पति की मौत, पत्नी गंभीर

नवभारत,गाडरवारा। गाडरवारा के एनटीपीसी क्षेत्र के डंगहा गांव में शनिवार देर रात अज्ञात हमलावरों ने घर में घुसकर पति-पत्नी पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में भाईजी कोरव (लगभग 45 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी सविता कोरव (लगभग 42 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर रेफर किया गया। परिजनों के अनुसार, रात करीब 12 से 1 बजे के बीच चार अज्ञात लोग घर में घुसे और दोनों पर ताबड़तोड़ हमला कर फरार हो गए। घटना के समय उनका बेटा अपने गांव गया हुआ था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश

मीणा और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा आरोपियों की तलाश के लिए डॉग स्क्वॉड और एफएसएल टीम की मदद से जांच शुरू की। इस जघन्य वारदात से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता जताई है। पुलिस हत्या के कारणों और आरोपियों की पहचान के लिए सभी पहलुओं से जांच कर रही है।

खिरका मंदिर में मां नर्मदा परमार्थ समाजसेवी संस्था की बैठक संपन्न

गाडरवारा। खिरका मंदिर परिसर में मां नर्मदा परमार्थ समाजसेवी संस्था की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में खिरका के महंत बालक दास महाराज, सोकलपुर के नमो नारायण महाराज तथा बम्होरी माता मंदिर के महाराज सहित अनेक संतजन एवं संस्था के पदाधिकारी उपस्थित रहे। महंत बालक दास महाराज, जो मध्य प्रदेश संत संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष भी हैं, ने अपने उद्बोधन में कहा कि वे जिले के सभी संतों को एक मंच पर जोड़ने का कार्य करेंगे और मां नर्मदा की सेवा एवं संरक्षण के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। बैठक में संस्था के प्रदेश मंत्री ठाकुर धर्मपाल सिंह ने सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों

से जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करते हुए संस्था को मजबूत बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती से ही समाज सेवा और नर्मदा संरक्षण के उद्देश्यों को प्रभावी ढंग से पूरा किया जा सकेगा। बैठक में जिला संरक्षक सदस्य बसंत जोशी, महेश अधारू, केदार सिंह, भारत सिंह राजपूत (मेहरागांव), जिला अध्यक्ष अजीत सिंह पटेल, जिला महामंत्री अशोक भार्गव, जिला उपाध्यक्ष भैया ठाकुर, दुर्गापाल सिंह राजपूत, मनोहर सिंह पटेल, मनमोद पटेल, तहसील साईंखेड़ा अध्यक्ष बद्री प्रसाद पटेल सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सभी ने संकल्प लिया कि वर्ष 2027 तक नरसिंहपुर जिले में संस्था का मजबूत संगठन खड़ा कर मां नर्मदा की सेवा, संरक्षण एवं जनजागरण के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा। साईंखेड़ा तहसील सचिव रेवा शंकर कटारे एवं तहसील उपाध्यक्ष सूरज सिंह राजपूत ने नर्मदा तटों पर नियमित सफाई अभियान चलाने तथा सभी घाटों पर प्रतिदिन मां नर्मदा की आरती आयोजित करने का प्रस्ताव रखा। बैठक में मंडल सिरसी अध्यक्ष, मंडल पीपरपानी अध्यक्ष रामकुमार पाराशर, मंडल बांसखेड़ा अध्यक्ष नानकराम पटेल, मंडल गाडरवारा, मंडल पलोहा अध्यक्ष अरविंद पटेल, अखिलेश राय, मंडल कोड़िया के सुमित अग्रवाल सहित विभिन्न मंडलों के ग्राम इकाई अध्यक्ष एवं सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से गाडरवारा नगर के चार वार्डों में अध्यक्षों की नियुक्ति की गई तथा कुछ ग्राम एवं तहसील स्तर पर भी नई नियुक्तियों की घोषणा की गई। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का पुष्पमालाओं से स्वागत कर उन्हें शुभकामनाएं दी गईं। बैठक का समापन नर्मदे हर के जयघोष के साथ हुआ। सभी उपस्थित सदस्यों ने मां नर्मदा की सेवा, स्वच्छता, संरक्षण और समाजहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं का नया मानक बना पीएचसी सिंहपुरबड़ा

नवभारत,नरसिंहपुर। जिले की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एक और गौरवपूर्ण उपलब्धि मिली है। कलेक्टर रजनी सिंह के निर्देशन और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिंहपुर बड़ा ने भारत सरकार की प्रतिष्ठित कायाकल्प पुरस्कार योजना में 94.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है।

यह उपलब्धि जिले में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं, उत्कृष्ट स्वच्छता प्रबंधन, संक्रमण नियंत्रण तथा प्रभावी प्रशासनिक नेतृत्व का सशक्त उदाहरण है। इस उपलब्धि के लिए स्वास्थ्य केंद्र को राज्य स्तर पर प्रशस्ति-पत्र के साथ 2 लाख की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। इस राशि का उपयोग स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों के लिए सुविधाओं के विस्तार, अधोसंरचना के सुदृढ़ीकरण तथा स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने में किया जाएगा। भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा वर्ष 2015 में प्रारंभ की गई कायाकल्प पुरस्कार योजना का उद्देश्य शासकीय अस्पतालों एवं स्वास्थ्य संस्थानों में स्वच्छता, संक्रमण नियंत्रण, जैव-चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन, मरीजों की सुरक्षा तथा गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को प्रोत्साहित करना है। योजना के अंतर्गत संस्थाओं का आंतरिक, सहकर्मी (पीयर) एवं बाह्य मूल्यांकन निर्धारित मानकों के आधार पर किया जाता है।

नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत युवाओं को किया जागरूक

- युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति
- जागरूक किया गया

नवभारत,नरसिंहपुर। कलेक्टर रजनी सिंह के निर्देशन में जिले में संचालित नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत मंगलवार को गोटेगांव क्षेत्र में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अभियान के अंतर्गत सांदीपनी हायर सेकेंडरी स्कूल गोटेगांव, हाई स्कूल कमोद एवं ग्राम पंचायत गोटेगांव खेड़ा में युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक न्याय

विभाग के कला पथक दल द्वारा नुक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं कठपुतली नृत्य के माध्यम से प्रभावशाली तरीके से नशे के दुष्परिणामों को प्रदर्शित किया गया। कलाकारों ने संदेश दिया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है। इस अवसर पर उपस्थित विद्यार्थियों एवं युवाओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई और उन्हें नशे से दूर रहकर स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन जीने के लिए प्रेरित किया गया। जिला प्रशासन द्वारा इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में नशामुक्ति के प्रति सकारात्मक वातावरण बनाने और युवाओं को सही दिशा देने का प्रयास किया जा रहा है।

27 हितग्राहियों को एक करोड़ रुपये से अधिक के हितलाभ वितरित

नवभारत,नरसिंहपुर। मध्यप्रदेश शासन एवं जिला प्रशासन नरसिंहपुर के निर्देशानुसार जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, प्राचार्य शासकीय आईटीआई एवं जिला रोजगार कार्यालय नरसिंहपुर के संयुक्त तत्वाधान में युवा संगम योजनांतर्गत रोजगार/स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन शासकीय श्याम सुन्दरनारायण मुशरान महिला महाविद्यालय नरसिंहपुर में सोमवार को किया गया। कार्यक्रम में कुल 387 युवक-युवतियों ने अपना पंजीयन कराया, जिसमें से 116 युवाओं को रोजगार तथा 87 युवाओं को अप्रेंटिसशिप हेतु प्रारंभिक रूप से चयनित कर ऑफर लेटर प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में स्वीकृत प्रकरणों के तहत 27 हितग्राहियों को कुल एक करोड़ 61 लाख 82 हजार रुपये का ऋण वितरण कर स्वरोजगार के लिए लाभांवित किया गया। यह आयोजन युवाओं को रोजगार, कौशल विकास एवं स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ। मेले में स्वरोजगार योजनाओं से संबंधित विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ऋण एवं योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही निजी क्षेत्र की 18 प्रतिष्ठित कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से युवाओं का चयन किया गया।

मनमानी | जो बने सो कर लो, राशन नहीं देंगे, सोसायटी की मनमानी से हाहाकार

5 महीने से राशन गायब, कार्ड में चढ़ा पर मिला नहीं, गरीब भूखे मरने को मजबूर

नवभारत,गोटेगांव। गोटेगांव में राशन वितरण में बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। गुरु नानक वार्ड, पटेल वार्ड, बजरंग वार्ड और गौरादेवी वार्ड के दर्जनों गरीब परिवारों को पिछले 5 महीने से राशन नहीं मिल रहा है। आरोप है कि राशन कार्ड में एंट्री तो कर दी जाती है, लेकिन राशन नहीं दिया जाता। पीड़ित परिवारों ने मंगलवार को एसडीम संघमित्रा गौतम को जनसुनवाई में शिकायत पत्र सौंपकर तत्काल राशन दिलवाने की मांग की। शिकायत पत्र में बताया गया कि सभी लोग गोटेगांव टॉकीज के पास स्थित महिला प्राथ. सह. उप.भंडार मर्यादित सोसायटी से

राशन प्राप्त करते हैं। पिछले 5 महीने से राशन कार्ड में राशन चढ़ा दिया जा रहा है, परन्तु वास्तविक में एक दाना भी नहीं दिया जा रहा है। आरोप है कि जब गरीब लोग राशन मांगने जाते हैं तो सोसायटी संचालक कहते हैं तुम्हे जो बने सो कर लो, राशन नहीं देंगे। पीड़ितों का कहना है कि वे मजदूर वर्ग से हैं। 5 महीने से राशन न मिलने के कारण घर में चूल्हा जलना मुश्किल हो गया है। परिवार का भरण-पोषण करना दूभर हो गया है। आवेदकों ने एसडीएम से मांग की है कि पिछले 5 महीने का बकाया राशन सहित वर्तमान का राशन तत्काल दिलवाया जाए और दोषियों पर कार्रवाई की जाए।

इनका कहना है

इस मामले में जीएसओ को जांच करने के निर्देश दिए हैं पहले भी इस दुकान की शिकायत आई हुई थी जिस पर विक्रेता एवं प्रबंधन को नोटिस भी जारी किए गए थे लेकिन अभी तक कोई जवाब नहीं आया जिस पर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है इस दुकान के विक्रेता अर्चना तिवारी है।

-संघमित्रा गौतम एसडीएम

सीमांकन आदेश में खसरा गायब, किसान कलेक्टर के दरबार में

- पंचनामा में ख.न. 10/2 का जिक्र आदेश में नहीं, रामकृष्ण पटेल ने लगाई गुहार

नवभारत,गोटेगांव। नरसिंहपुर राजस्व विभाग की लापरवाही से एक किसान दर-दर भटकने को मजबूर है। गोटेगांव तहसील के ग्राम गाढाघाट निवासी रामकृष्ण पटेल ने कलेक्टर को जनसुनवाई में शिकायत देकर खसरा नं. 10/2 का सीमांकन कराने की मांग की है। आवेदक रामकृष्ण पटेल पिता विष्णु प्रसाद पटेल निवासी गाढाघाट, तहसील गोटेगांव ने ज्ञापन में बताया कि मौजा गाढाघाट पेहेने 53 में स्थित खसरा नं. 10/2 उनकी भूमि है। इसका सीमांकन उन्होंने पटवारी से मशीन

द्वारा करवा लिया था और पंचनामे में खेने 10/2 का उल्लेख भी किया गया है। लेकिन नायब तहसीलदार वृत्त श्रीनगर, तहसील गोटेगांव द्वारा जारी सीमांकन आदेश में आश्चर्यजनक रूप से खसरा नं. 10/2 का उल्लेख ही नहीं किया गया है। इस गड़बड़ी के कारण किसान की जमीन का सीमांकन अधूरा रह गया है और वह परेशान हो रहा है। आवेदक रामकृष्ण पटेल ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर खसरा नं. 10/2 में नियमानुसार सीमांकन कराने की मांग की है ताकि उन्हें न्याय मिल सके।